No. : RNTCK/ Date :..........................

स्वाधीनता दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम के साथ फहराया तिरंगा

कपासन 15 अगस्त, 2023 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आर.एन.टी. महाविद्यालय एवं दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल परिवार ने फहराया तिरंगा।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एस. एन. ए. जाफरी ने बताया कि 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आर.एन.टी. ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, कपासन में महाविद्यालय प्रबन्ध निदेशक डॉ. वसीम खान एवं निदेशिका नीमा खान के मुख्य आतिथ्य, कृषि निदेशक डॉ. सुनील शर्मा, कृषि कॉलेज प्राचार्य डॉ. एल. के. दशोरा, बी.एड. प्राचार्य डॉ. अनिल गोठवाल के विशिष्ट आतिथ्य, स्कूल प्रधानाचार्य राहुल जैन, सोफिया परवीन एवं मो. ताहिर के आतिथ्य एवं अकादमिक निदेशक शिवनारायण शर्मा की अध्यक्षता में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत विशाल रंगारंग कार्यक्रम के साथ तिरंगा फहराया गया।

झण्डारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ रंगारंग कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। तत्पश्चात एनसीसी केडेट सीताराम जाट के नेतृत्व में परेड का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी, रोवर रेंजर एवं दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल के छात्रों एवं बैंड ने भाग लिया। भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति को बताता नृत्य दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल के छात्रों ने प्रस्तुत किया। वहीं म्यूजिक व डांस के साथ बचपन के विद्यार्थियों ने पीटी योगा प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद छात्रा उर्मिला तिवारी व अनुसूया धाकड ने अपनी देशभक्ति से ओतप्रात कविता प्रस्तुत की। वहीं समीर खान, दिव्यांश दाधीच ने एकल गान प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कृषि संकाय छात्रा काव्यांजलि राय भरतनाट्यम प्रस्तुत कर दर्शकों को चकित कर दिया। दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल के छात्रों द्वारा भव्य पिरामिड प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात दीक्षा इन्टरनेशनल स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल के छात्र–छात्राओं ने देश भक्ति से ओत प्रोत मनमोहक एकल व समूह नृत्य प्रस्तुत किये। समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं स्टॉफगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. दीपिका सौमानी एवं डॉ. सुनीता परिहार ने किया।

प्राचार्य